**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**09.08.2025** **15:00 बजे**

**रक्षा बंधन**

भाई–बहन के स्नेह का त्योहार रक्षा बंधन आज देश सहित प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है। इस दिन बहनें भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और उनकी दीर्घायु की कामना करती हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएँ दी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि यह पर्व महिलाओं के अधिकारों की रक्षा और उनके सम्मान के प्रति सभी के दृढ़ संकल्प को मजबूत करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने बधाई संदेश में लोगों से समृद्ध देश के निर्माण का संकल्प लेने का आग्रह किया जहाँ हर महिला सुरक्षित महसूस करे और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दे सके।

**राज्यपाल**

रक्षाबंधन के अवसर पर आज शिमला स्थित राजभवन में प्रदेश में प्राकृतिक आपदा में अपनी जान गवांने वाले लोगों की आत्मा की शांति और इन आपदाओं से मुक्ति पाने के लिए हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल द्वारा आयोजित इस हवन यज्ञ में बड़ी संख्या में लोगों ने आहुति अर्पित की। राज्यपाल ने लोगों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सावन पूर्णिमा के अवसर पर हवन यज्ञ का विशेष महत्व है और इसका उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से प्रदेश के लोगों की रक्षा को लेकर परमात्मा से प्रार्थना करना है।

**तिरंगा**

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश भर में कल से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी। इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा। भाजपा द्वारा एक सौ 71 संगठनात्मक मंडलों पर कल तिरंगा यात्राओं का आयोजन भी किया जाएगा।

***भाजपा प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा अभियान चलाएगी इस अभियान में सभी वीर योद्धाओं का स्मरण किया जाएगा 10 अगस्त को भाजपा संगठन आत्मक 171 मंडलों पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन करेगी 12 व 13 अगस्त को प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में शहीदी स्मारकों पर स्वच्छता अभियान के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा इसी तरह से 14 अगस्त को विभाजन भविष्य का समृद्धि दिवस का आयोजन किया जाएगा जबकि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत सभी भाजपा पार्टी कार्यालयों व सार्वजनिक स्थानों पर सामूहिक रूप से तिरंगा फहराया जाएगा इसी दिन वृक्षारोपण के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे***

**मन की बात**

आकाशवाणी पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम ने अपनी शुरुआत से अब तक 34 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। सूचना व प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल मुरुगन ने राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस मासिक रेडियो कार्यक्रम के माध्यम से, प्रधानमंत्री शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, नवाचार और समाज सेवा जैसे क्षेत्रों में प्रभावशाली कार्य करने वाले भारतीयों की प्रेरक

कहानियाँ साझा करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रोताओं का एक बड़ा वर्ग इस कार्यक्रम को सुनकर आकाशवाणी से जुड़ता है।

## प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में भारत छोड़ो आंदोलन में शामिल बहादुरों का विनम्र स्मरण किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि उन लोगों के साहस के कारण ही देश प्रेम का अलख जगा जिसने अनगिनत लोगों में आज़ादी की चाहत पैदा की।

## मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में पिछले 24 घंटों में भारी वर्षा हुई है। मौसम विभाग ने आज व कल प्रदेश के अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि प्रदेश में पहली जून से 8 अगस्त तक सामान्य से 13 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। शिमला जिले में सबसे ज्यादा 67 फीसदी बारिश दर्ज गई है।

**10 अगस्त की देर रात से 11 अगस्त सुबह तक प्रदेश की वेदर एक्टिविटी फिर से बार पिकअप करेंगी इस के चलते संभावना यह है कि डिस्टिक ऊना, बिलासपुर, हमीरपुर मध्यवर्ती डिस्टिक है कुछ क्षेत्रा में हैवी रैन होने की संभावना है। और मैन एक्टिविटी है 11 व 12 अगस्त को वारिश होने की संभावान हैं और डिस्टिक कांगड़ा, मंडी व चम्बा हैवी टू वेरी हैवी रैन का औरेंज अलर्ट है। सीजन की बात करे एक जून से 8 अगस्त प्रदेश में 13 प्रतिशत अधिक वर्षा दर्ज की गई है सामान्य से सबसे अधिक डिस्टिक शिमला है जहां पर सबसे अधिक 67 प्रतिशत वर्षा हुई हैं**